# जातीय समानता को बढ़ावा देने के
# मौजूदा और योजनाबद्ध उपाय

## समान अवसर कमीशन

समान अवसर कमीशन (EOC), हांग कांग में मई 1996 में स्थापित किया गया था,जो लिंग भेदभाव अध्यादेश (SDO),विकलांगता भेदभाव अध्यादेश (DDO), पारिवारिक स्थिति भेदभाव अध्यादेश (FSDO),और जातीय भेदभाव अध्यादेश (RDO) को कार्यान्वित करने के लिए एक वैधानिक निकाय है।

आयोग लिंग,वैवाहिक स्थिति, गर्भावस्था, स्तनपान, विकलांगता, पारिवारिक स्थिति और जातीय आधार पर भेदभाव को खत्म करने की दिशा में काम करता है।

हम विकलांगता और जातीयता के आधार पर यौन उत्पीड़न, और उत्पीड़न तथा तिरस्कार को खत्म करने का भी लक्ष्य रखते हैं। हम पुरुषों और महिलाओं,विकलांगता वाले और बिना विकलांगता वाले व्यक्तियों के बीच उनकी पारिवारिक स्थिति या जातीयता की परवाह किए बिना समान अवसरों को बढ़ावा देते हैं।

## A. पूछताछ और शिकायत सेवाएँ

संबंधित सेवाएं

- RDO के अनुभाग 78 और 79 के तहत, EOC जातीय भेदभाव, उत्पीड़न तथा तिरस्कार को खत्म करने और विविध जातीय समूहों के बीच समान अवसर और सद्भाव बनाए रखने के लिए गैरकानूनी कार्यों की शिकायतों की तहकीकात, जांच, समझौता बैठकें और सहायता प्रदान करता है।
- RDO के अनुपालन पर EOC सरकारी अधिकारियों, अन्य दलों और व्यक्तियों को परामर्श देता है और पूछताछ प्रबंधन करता है।

मौजूदा उपाय

- हम विविध जातीयता के लोगों द्वारा पूछताछ करने और शिकायत दर्ज कराने के लिए समान पहुंच सुनिश्चित करते हैं।
- जाँच और शिकायत सेवाओं के प्रबंधन के लिए विविध जातीय समूहों की ज़रूरतों, संवेदनशीलता और चिंताओं को ध्यान में रखा जाता है।
- ज़रूरत होने पर विविध जातीयता के पूछताछकर्ताओं और शिकायतकर्ताओं की भाषा संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए अनुवाद और दुभाषिया सेवाएँ प्रदान की जाती हैं।

